V-Care

# Vikas Lifecare Ltd.
(Formerly known as Vikas Multicorp Ltd.
CIN : L25111DL1995PLC073719
Regd. Off : G-1, 34/1,
East Punjabi Bagh, New Delhi-110 026, INDIA

May 30, 2022

Listing Compliance Department
National Stock Exchange of India Limited.
Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai 400051
Fax: 022-26598235/36

**NSE Symbol: VIKASLIFE**

Listing Compliance Department
BSE Limited.
Phirozee Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai - 400 001

**Scrip Code: 542655**

**Sub: Newspaper Advertisement of Audited Financial Results of the Company for the financial year ended March 31, 2022**

Dear Sir/ Madam,

We are enclosing herewith the copies of the newspaper advertisement relating to the publication of Audited Financial Results of the Company for the financial year ended March 31, 2022, as published in Financial Express (English Edition) and Jansatta (Hindi Edition) newspapers both dated May 29, 2022 in compliance with the provisions of Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

You are requested to take the information on record and oblige.

Thanking you,

Yours Faithfully,
*for* Vikas Lifecare Limited

PARUL RAI
Digitally signed by PARUL RAI
Date: 2022.05.30 13:58:27 +05'30'

Parul Rai
Company Secretary

# 'ई-कामर्स' मंचों पर फर्जी समीक्षाओं पर रोक की तैयारी

नई दिल्ली, 28 मई (भाषा)।

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उपभोक्ताओं के हितों को सुरक्षित रखने के लिए वह आनलाइन बिक्री मंचों पर उत्पादों और सेवाओं की फर्जी समीक्षाएं पोस्ट करने पर रोक लगाने के लिए एक प्रारूप विकसित करेगी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआइ) के साथ एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया था जिसमें फर्जी समीक्षाओं से संभावित ग्राहकों को गुमराह करने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। इस बैठक में ई-कामर्स कंपनियों एवं अन्य संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

मंत्रालय की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में फर्जी समीक्षाओं पर रोक लगाने से जुड़े एहतियाती कदमों के स्वरूप पर भी गौर किया गया। फर्जी समीक्षाओं पर रोक से जुड़ी मौजूदा व्यवस्थाओं का अध्ययन करने के बाद मंत्रालय एक प्रारूप लेकर आएगा। इस बैठक में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, ई-कामर्स कंपनियों, उपभोक्ता संगठन और विधि कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। दरअसल भौतिक रूप में उत्पादों को नहीं देख पाने से संभावित ग्राहक ई-कामर्स मंचों पर खरीदारी करने के पहले उस उत्पाद के बारे में पोस्ट की गई समीक्षाओं के जरिए निर्णय करते हैं। इस स्थिति में फर्जी समीक्षाएं इन ग्राहकों को गलत खरीदारी के लिए प्रेरित कर देती हैं। मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'ई-कामर्स मंचों पर उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में अपनी समीक्षाएं पोस्ट करने वाले ग्राहकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना और इस बारे में मंच की जवाबदेही तय करना इस मुद्दे के दो अहम पहलू हैं।

इसके साथ ही ई-कामर्स कंपनियों को यह बताना होगा कि वे 'सर्वाधिक प्रासंगिक समीक्षा' का चयन किस तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करते हैं।' बैठक में शामिल हुए सभी पक्षों से इस बारे में सलाह देने को कहा गया है। उसके आधार पर मंत्रालय उपभोक्ता हितों को सुरक्षित रखने के लिए एक कानूनी प्रारूप तैयार करेगा। देश में विज्ञापनों पर नजर रखने वाली संस्था एएससीआइ की मुख्य कार्यकारी मनीषा कपूर ने ई-कामर्स मंचों पर फर्जी और भ्रामक समीक्षाओं से उपभोक्ता हितों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का जिक्र किया।

# पनबिजली कूटनीति से जल सहयोग की तरफ है भारत का ध्यान : उच्चायुक्त

गुवाहाटी, 28 मई (भाषा)।

आपस में जोड़ने की कड़ी के रूप में नदियों की भूमिका पर बल देते हुए बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरैस्वामी ने शनिवार को कहा कि नदियों के संबंध में नीतियां बनाते हुए उनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आयामों के साथ-साथ आर्थिक एवं राजनीतिक संदर्भों पर भी विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नदियों के संदर्भ में हमारा ध्यान 'पनबिजली कूटनीति' से अब 'जल सहयोग' की ओर बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'नदियों को बांटने वाली इकाई संबंधी धारणा पर लंबे समय तक बल दिया जाता रहा है लेकिन जोड़ने वाली कड़ी के रूप में उसकी भूमिका अधिक मौलिक है।' वह यहां 'एनईडीआइ 3 : एशियाई संगम नदी सम्मेलन 2022' के तहत 'बंगाल की खाड़ी की नदियां : नीली अर्थव्यवस्था, पहाड़ी अर्थव्यवस्था एवं मैदानी अर्थव्यवस्था के बीच सेतु' विषयक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार से शुरू हुए इस दो दिवसीय सम्मेलन में कहा, 'हमारी प्रवृत्ति नदियों से बहुत आशा रखने की रहती है जबकि हमें उसे समग्रता में देखना चाहिए। महज प्रौद्योगिकीगत एवं राजनीतिक दृष्टिकोण के बजाय एक समग्र पहल अपनाने की जरूरत है।' वरिष्ठ राजनयिक ने कहा कि नदियों के भिन्न भिन्न संदर्भ एवं आयाम होते हैं और 'उसके इर्द-गिर्द नीतियां बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि राजनीतिक संदर्भ से आर्थिक और ऐतिहासिक से सांस्कृतिक आयाम एवं मानव जीवन को बनाए रखने में उसकी भूमिका तक एक नदी तंत्र कई भूमिकाओं को निभाता है। दुरैस्वामी ने नदी तंत्र को विभिन्न बेसिनों में बांटने और अलग-अलग पहलुओं को संभालने के बजाय पूर्णरूप से उसके प्रबंधन की महत्ता पर जोर दिया।

गौरतलब है कि 54 ऐसी नदियां हैं जिनकी धाराएं भारत और बांग्लादेश में बहती हैं। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रह चुके सैयद मौज्जेम अली ने 2019 में कहा था कि कम चलताऊ सीजन में नदीजल के बंटवारे का विषय महत्त्वपूर्ण मुद्दा रहा है। तीस्ता समझौते पर सितंबर, 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की बांग्लादेश यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने वाला था लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आपत्ति के कारण आखिर समय में उसे स्थगित कर दिया गया। उन्होंने यह कहते हुए समझौते का विरोध किया कि उनके क्षेत्र के लोगों को 'एक बूंद भी पानी' नहीं मिलेगा। यहां चल रहा सम्मेलन बंगाल की खाड़ी एवं दक्षिणपूर्व एशियाई क्षेत्र में सहयोग की सामूहिक दृष्टि तैयार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन है। प्राकृतिक विकास और अंतरनिर्भरता सहयोगी नामक कार्यक्रम के इस तीसरे सम्मेलन का आयोजन शिलांग का थिंक टैंक एशियन कंफ्लुएंश विदेश मंत्रालय, असम सरकार के एक्ट ईस्ट नीति विषयक विभाग एवं नार्थ काउंसिल और अन्य साझेदारों के साथ मिल कर कर रहा है।

## इंजीनियर्स इंडिया ने नया दृष्टिपत्र अपनाया

नई दिल्ली, 28 मई (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की परामर्शदाता कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआइएल) ने शनिवार को कहा कि उसने एक नया दृष्टिपत्र अपनाया है जिसका मकसद कंपनी को ऊर्जा से संबंधित सभी तरह के समाधान देने वाली वैश्विक अगुआ बनाना है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'भारत और पूरे विश्व में ऊर्जा परिदृश्य बहुत तेजी से बदल रहा है और दुनियाभर के संगठन अपने व्यावसायिक परिचालनों के लिए नई रणनीति बना रहे हैं जो टिकाऊपन, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा स्वरूपों में परिवर्तन पर आधारित हों।' इसमें कहा गया, 'अपने भावी लक्ष्यों की दिशा में बढ़ने, अपने संकल्प को मजबूती देने के लिए ईआइएल ने नया दृष्टिपत्र अपनाया है जो है 'ऐसा वैश्विक अगुआ बनना जो टिकाऊ भविष्य के लिए सभी प्रकार के ऊर्जा समाधान दे सके'।

# बिहार में स्वर्ण भंडार के अन्वेषण की अनुमति देने का फैसला

पटना, 28 मई (भाषा)।

बिहार सरकार ने जमुई जिले में 'देश के सबसे बड़े' स्वर्ण भंडार के अन्वेषण की अनुमति देने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) के एक सर्वेक्षण के अनुसार, जमुई जिले में 37.6 टन खनिज युक्त अयस्क समेत लगभग 22.28 करोड़ टन सोने का भंडार मौजूद है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव सह खान आयुक्त हरजोत कौर बम्हरा ने बताया, 'राज्य का खान और भूतत्व विभाग जमुई में सोने के भंडार के अन्वेषण के लिए जीएसआइ और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) सहित अन्वेषण में लगी एजेंसियों के साथ परामर्श कर रहा है।'

उन्होंने बताया, 'जीएसआइ के निष्कर्षों का विश्लेषण करने के बाद परामर्श प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें जमुई जिले के करमाटिया, झाझा और सोनो जैसे क्षेत्रों में सोने की मौजूदगी का संकेत मिला था।' बम्हरा ने कहा कि राज्य सरकार के एक महीने के भीतर जी-तीन (प्रारंभिक) चरण के अन्वेषण के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में, जी दो (सामान्य) श्रेणी का अन्वेषण भी किया जा सकता है।

केंद्रीय खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले साल लोकसभा को बताया था कि भारत के सोने के भंडार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी बिहार की है। एक लिखित जवाब में जोशी ने कहा था कि बिहार में 22.28 करोड़ टन स्वर्ण धातु है, जो देश के कुल स्वर्ण भंडार का 44 फीसद है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा था, 'नेशनल मिनरल इन्वेंटरी के अनुसार, देश में एक अप्रैल 2015 को प्राथमिक स्वर्ण अयस्क के कुल संसाधन 654.74 टन के साथ स्वर्ण धातु 50.18 करोड़ टन होने का अनुमान है और इसमें से बिहार के पास 22.28 करोड़ टन (44 फीसद) अयस्क है जिसमें 37.6 टन धातु है।'

## बोम्मई ने 'जीतो' को ई-कामर्स मंच शुरू करने का दिया सुझाव

बंगलुरु, 28 मई (भाषा)।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गनाइजेशन (जेआइटीओ या जीतो) से फ्लिपकार्ट और अमेजन की तर्ज पर ई-कामर्स मंच शुरू करने के बारे में विचार करने को कहा। बोम्मई ने पैलेस ग्राउंड्स में आयोजित दो-दिवसीय 'ग्रांड जीतो' सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा, 'आपके पास ताकत और विपणन का कौशल है, क्षमता है। आप अमेजन और फ्लिपकार्ट की तर्ज पर ई-वाणिज्य मंच क्यों नहीं शुरू करते। मुझे भरोसा है कि आप अन्य कंपनियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा देंगे।'

उन्होंने जैन समुदाय को आश्वासन दिया कि कर्नाटक में नए व्यवसाय शुरू करने में राज्य सरकार की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। जीतो के मीडिया समन्वयक सज्जनराज मेहता ने बताया कि जैन समुदाय से जुड़े लोगों की 300 से अधिक कंपनियां और 10 से अधिक सफल स्टार्टअप इस दो दिवसीय सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं।

# उत्तराखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं : योगी आदित्यनाथ

जनसत्ता संवाददाता
टनकपुर (चम्पावत) 28 मई।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन और धार्मिक तीर्थाटन की अपार संभावनाएं हैं। भाजपा के पिछले पांच साल के शासन में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। योगी शनिवार को चम्पावत विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए टनकपुर में मुख्यमंत्री और भाजपा प्रत्याशी पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले योगी हेलिपैड से टनकपुर के प्रमुख बाजारों में करीब दो किलोमीटर लंबा रोड शो किया। रोड शो में उनके साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी थे।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चम्पावत की जनता का सौभाग्य है कि उन्हें उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मिले हैं और चम्पावत की जनता विधायक नहीं मुख्यमंत्री का चयन कर रही है जिससे यहां विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि चम्पावत को जिला बने हुए 25 साल हो गए है परंतु यह जिला अभी तक पिछड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री धामी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि धामी ने अपने छह महीने के शासनकाल में विकास के कई नए आयाम स्थापित किए हैं और उन्होंने अपनी क्षमताओं का लोहा मनवाया हैं।

उन्होंने कहा कि वह चम्पावत विधानसभा चुनाव के बाद टनकपुर, बनबसा और चम्पावत आएंगे और उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार के बीच शारदा बैराज और अन्य लंबित मामलों के निपटारा करेंगे। साथ ही पूर्णागिरि मंदिर, गोरक्षनाथ मंदिर और स्वामी विवेकानंद की तपस्थली के दर्शन भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि इसी साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र खटीमा में चुनावी सभा को संबोधित करने आना था, मगर ऐन मौके पर उनका खटीमा का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया और मुझे कोटद्वार और टिहरी विधानसभा में भेज दिया गया। यदि वे खटीमा आते तो चुनाव की तस्वीर अलग होती। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 21 साल से उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों के बंटवारे को लेकर जो विवाद चल रहा था उसे योगी आदित्यनाथ ने 21 मिनट में सुलझा दिया। इसलिए धामी ने योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। चुनावी सभा में भाजपा के कई केंद्रीय और राज्य के पदाधिकारी, राज्य सरकार के कई कैबिनेट मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद थे।

# नागरिकों के गैर-वैयक्तिक डाटा के उपयोग की रूपरेखा जारी

नई दिल्ली, 28 मई (भाषा)।

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मसविदा 'नेशनल डाटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क' जारी किया है जिसका उद्देश्य सेवाओं में सुधार के लिए सार्वजनिक और निजी निकायों द्वारा नागरिकों का गैर-वैयक्तिक डेटा उपलब्ध कराना है। मसविदा रूपरेखा में गैर-वैयक्तिक डाटा पर आधारित भारतीय डाटासेट कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है। इसमें अनुसंधान तथा नवोन्मेष तंत्र को सरकारी और निजी निकायों की ओर से गैर-वैयक्तिक आंकड़ों को सुरक्षित तरीके से उपलब्ध कराने का प्रावधान प्रस्तावित है। इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि 'नेशनल डाटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क' कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) स्टार्टअप, एआइ अनुसंधान इकाइयों और सरकारी विभागों के लिए लाभदायक है।

उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, 'यह नीतिगत रूपरेखा का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे भारत की एक हजार अरब डालर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया जा रहा है।' हितधारकों से उक्त रूपरेखा पर टिप्पणी करने की अपील करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि 'नेशनल डाटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क' डिजिटल शासन और सरकार के डिजिटलीकरण को गति प्रदान करेगा जिसमें सभी विभागों के डाटा संग्रहीत करने और उसका प्रबंधन करने के लिए समान मानक, नियम और दिशानिर्देश होंगे। मसविदा रूपरेखा में कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल शासन व्यवस्था ने इस संकट से भारत के जुझारू तरीके से निपटने में और जीवन, आजीविका और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभावों में बड़ी भूमिका निभाई।

# तस्करों से संबंध में चार पुलिस अधिकारी हटाए गए

बनिहाल/जम्मू, 28 मई (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में मवेशी तस्करों के साथ संबंध होने की बात विभागीय जांच में सामने आने के बाद चार विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से हटा दिया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। रामबन की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने मवेशियों की तस्करी में संलिप्तता को लेकर एसपीओ - 'फुलैल सिंह, अजीत सिंह, सतीश सिंह और मोहम्मद अयूब उर्फ मुंदरी को तत्काल प्रभाव से सेवा से हटाने का आदेश दिया।

> ●रामबन की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने मवेशियों की तस्करी में संलिप्तता को लेकर एसपीओ - 'फुलैल सिंह, अजीत सिंह, सतीश सिंह और मोहम्मद अयूब उर्फ मुंदरी को तत्काल प्रभाव से सेवा से हटाने का आदेश दिया।

एसएसपी ने अपने आदेश में कहा, 'मवेशियों की तस्करी में उनकी संलिप्तता अन्य एसपीओ और पुलिस विभाग के अधिकारियों पर बुरा प्रभाव डाल सकती है और जनता के सामने पुलिस की छवि खराब कर सकती है।' अधिकारियों ने कहा कि चार एसपीओ के आचरण की जांच का आदेश 28 फरवरी को दिया गया था, जब यह पता चला था कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशियों के साथ तस्करों को सुरक्षित मार्ग की सुविधा प्रदान करने में शामिल थे।

अधिकारियों ने कहा कि एसपीओ ने पूछताछ करने पर रामबन जिले के मवेशी तस्करों के साथ संबंध होने की बात स्वीकार की और ऐसे सात तस्करों की पहचान भी की। उन्होंने बताया कि एसपीओ के बैंक खातों का विवरण भी प्राप्त किया गया। अधिकारियों ने कहा कि तीन एसपीओ ने अपने बैंक खातों में अज्ञात व्यक्तियों से कई लाख रुपए प्राप्त किए थे।


**हॉवर्ड होटल्स लिमिटेड**

पंजी. कार्या.: 20, मौर्य कॉम्प्लेक्स, बी-28 सुभाष चौक, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092
कारपोरेट कार्यालय: होटल हॉवर्ड प्लाज़ा, फतेहाबाद रोड, आगरा-282001
CIN: L74899DL1989PLC038622, फोन: 0562-404-8600, फैक्स: 0562-404-8686
ईमेल: info@howardhotelsltd.com, वेबसाइट: www.howardhotelsltd.com

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रू. लाखों में प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| क्र सं | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च, 22 (अनंकेक्षित) | 31 दिस., 21 (अनंकेक्षित) | 31 मार्च, 21 (अनंकेक्षित) | 31 मार्च, 22 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 21 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (सकल) | 147.24 | 176.93 | 89.43 | 436.06 | 172.71 |
| 2 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 147.24 | 176.93 | 89.43 | 436.06 | 172.71 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और अपवादात्मक मदों से पूर्व) | (38.55) | 30.12 | (32.87) | (71.49) | (164.00) |
| 4 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के बाद) | (38.55) | 30.12 | (32.87) | (71.49) | (164.00) |
| 5 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के बाद) | (38.69) | 30.12 | (15.60) | (71.62) | (146.74) |
| 6 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल] | (38.69) | 30.12 | (15.60) | (71.62) | (146.74) |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 911.32 | 911.32 | 911.32 | 911.32 | 911.32 |
| 8 | रिजर्व्स (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के रूप में दिखाया गया पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | 17.67 | 89.30 |
| 9 | प्रति शेयर आय (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्येक रू 10/- के) बेसिक: | (0.49) | 0.33 | (0.22) | (0.85) | (1.66) |
| | डायल्यूटिड: | (0.49) | 0.33 | (0.22) | (0.85) | (1.66) |
| 10 | प्रति शेयर आय (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्येक रू 10/- के) बेसिक: | (0.49) | 0.33 | (0.22) | (0.85) | (1.66) |
| | डायल्यूटिड: | (0.49) | 0.33 | (0.22) | (0.85) | (1.66) |

नोट: सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज की गई उपरोक्त त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.howardhotelsltd.com पर उपलब्ध हैं।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
हॉवर्ड होटल्स लिमिटेड
हस्ता./-
निर्विकार नाथ मित्तल
(पूर्णकालिक निदेशक)

स्थान: आगरा
तिथि: 28 मई, 2022



**GG ENGINEERING LIMITED**

Registered office: Office No. 203,2nd Floor, Shivam Chambers Coop Soc Ltd. S.V Road,Goregaon West, Near Sahara Apartment Mumbai, MH 400104
CIN: L28900MH2006PLC159174 | Website: www.ggengg.in | Email: gglimited@ggengg.in,

AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED MARCH 31, 2022

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | Particulars | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended | | | Year Ended | |
| | | 31/Mar/22 Audited | 31/Dec/21 Unaudited | 31/Mar/21 Unaudited | 31/Mar/22 Audited | 31/Mar/21 Audited |
| 1 | Total Income | 843.14 | 281.97 | 806.14 | 2,297.32 | 3,751.35 |
| 2 | Total Expenses | 616.68 | 380.42 | 848.64 | 2,255.09 | 3,830.42 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) Before Tax | 226.45 | -98.45 | -42.50 | 42.22 | -79.08 |
| 4 | Total Tax Expenses | -21.59 | - | 2.29 | -19.25 | 1.74 |
| 5 | Net Profit/ (Loss) After Tax | 248.04 | -98.45 | -44.79 | 61.47 | -82.02 |
| 6 | Total comprehensive income for the period | 249.66 | -107.09 | -42.93 | 63.33 | -80.16 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital (Face Value Rs.2 each) | 1,031.00 | 1,031.00 | 1,031.00 | 1,031.00 | 1,031.00 |
| 8 | Earning per Equity Share of Re. 2/- each | | | | | |
| | Basic | 0.48 | -0.21 | -0.42 | 0.61 | -0.78 |
| | Diluted | 0.48 | -0.21 | -0.42 | 0.61 | -0.78 |

**Notes to Audited Consolidated IND AS Financial Results:**

1. The above is an extract of the detailed format of financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The Full format of the financial results are available on the Stock Exchange websites (**www.bseindia.com**) and on company's website (**www.ggengg.in**).
2. The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held in May 28, 2022. The Statutory auditors have carried out audit of the results for the quarter and financial year ended March 31, 2022.

for GG Engineering Limited
Deepak Kumar Gupta
Whole Time Director
DIN No: 00057003

Place: New Delhi
Date: May 28, 2022


# एनटीपीसी सीबीटी-दो की परीक्षा 12 से 17 जून तक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 मई।

रेलवे के अनुसार आरआरबी एनटीपीसी सीबीटी-दो की परीक्षा 12 से 17 जून तक होगी। रेलवे भर्ती बोर्ड ने क्षेत्रीय आरआरबी एनटीपीसी वेबसाइटों पर वेतन स्तर दो, तीन और पांच के लिए परीक्षा की जानकारी भी दे दी है।

आरआरबी एनटीपीसी सीबीटी-दो की परीक्षा 12 से 17 जून तक देश भर के 21 क्षेत्रों में आनलाइन कंप्यूटर आधारित आयोजित की जाएगी।

परीक्षा तिथि से चार दिन पहले सीबीटी दो के लिए आरआरबी एनटीपीसी 2022 प्रवेश पत्र जारी होंगे। भुवनेश्वर, बिलासपुर, चंडीगढ़, गोरखपुर, मुंबई, मुजफ्फरपुर, रांची और सिकंदराबाद क्षेत्रों में वेतन स्तर पांच के लिए 12 जून, वेतन स्तर तीन के लिए 13 जून और वेतन स्तर दो के लिए 14 जून, 2022 को परीक्षा होगी।

> ●परीक्षा तिथि से चार दिन पहले सीबीटी दो के लिए आरआरबी एनटीपीसी 2022 प्रवेश पत्र जारी होंगे।

जबकि अजमेर, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी, पटना, बंगलुरु, जम्मू-श्रीनगर, कोलकाता, सिलीगुड़ी, अमदाबाद, इलाहबाद, मालदा और तिरुवनंतपुरम के लिए वेतन स्तर पांच के लिए 15 जून, 2022, वेतन स्तर तीन के लिए 16 जून और वेतन स्तर दो के लिए 17 जून 2022 को परीक्षा होगी।


**VIKAS LIFECARE LIMITED**
CIN: L25111DL1995PLC073719
Registered office: G-1 34/1, East Punjabi Bagh New Delhi West Delhi DL 110026
Website: www.vikaslifecarelimited.com | Email: cs@vikaslifecarelimited.com

AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED MARCH 31, 2022

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | Particulars | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended | | | Year Ended | |
| | | 31/Mar/22 Audited | 31/Mar/21 Audited | 31/Dec/21 Unaudited | 31/Mar/22 Audited | 31/Mar/21 Audited |
| 1 | Total Income | 13,337.95 | 3,340.59 | 11,411.11 | 34,459.08 | 7,600.98 |
| 2 | Total Expenses | 10,171.04 | 2,312.76 | 11,023.38 | 30,553.57 | 7,326.07 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) Before Tax | 3,176.27 | -212.59 | 387.73 | 3,908.55 | -149.98 |
| 4 | Total Tax Expenses | 853.04 | 183.35 | 99.62 | 1,013.87 | 200.19 |
| 5 | Net Profit/ (Loss) After Tax | 2,323.23 | -395.94 | 288.11 | 2,894.68 | -350.17 |
| 6 | Total comprehensive income for the period | 676.53 | 3,563.65 | 151.14 | 1,756.52 | 1,664.86 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital (Face Value Re. 1 each) | 10,977.83 | 6,634.95 | 9,996.67 | 10,977.83 | 6,634.95 |
| 8 | Earning per Equity Share of Re 2/- each | | | | | |
| | Basic | 0.25 | -0.06 | 0.03 | 0.31 | -0.053 |
| | Diluted | 0.25 | -0.06 | 0.03 | 0.31 | -0.053 |

Notes to Audited Consolidated IND AS Financial Results:

1. The above is an extract of the detailed format of financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The Full format of the financial results are available on the Stock Exchange websites (**www.bseindia.com**) and on company's website (**www.vikaslifecarelimited.com**).
2. The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held in May 28, 2022. The Statutory auditors have carried out audit of the results for the quarter and financial year ended March 31, 2022.

for VIKAS LIFECARE LIMITED
SUNDEEP KUMAR DHAWAN
Managing Director
DIN No: 09508137

Place: New Delhi
Date: May 28, 2022



Advik
Capital Limited

**एडविक कैपिटल लिमिटेड**
CIN: L65100DL1985PLC022505
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर 84, खसरा नंबर, 143/84, भूतल, विस्तारित लाल डोरा, कंझावला, दिल्ली -110081,
फोन नंबर: 011-25952595,
वेबसाइट: www.advikgroup.com, ईमेल: advikcapital@gmail.com, cs@advikgroup.com

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में)

| क्रम सं. | ववरण | कंसोलिडेटेड | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31/मार्च/22 अंकेक्षित | 31/मार्च/21 अंकेक्षित | 31/दिसंबर/21 अनअंकेक्षित | 31/मार्च/22 अंकेक्षित | 31/मार्च/21 अंकेक्षित |
| 1 | कुल आय | 3,412.96 | 254.72 | 1,038.59 | 4,657.72 | 627.97 |
| 2 | कुल खर्च | 3,389.00 | 243.42 | 1,022.66 | 4,594.43 | 618.18 |
| 3 | कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) | 23.96 | 11.30 | 15.93 | 63.29 | 9.79 |
| 4 | कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) | 18.97 | 10.00 | 10.86 | 47.38 | 7.20 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 18.97 | 10.00 | 10.86 | 47.38 | 7.20 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 1 प्रत्येक) | 458.74 | 458.74 | 458.74 | 458.74 | 458.74 |
| 6 | 1/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर आय | | | | | |
| | बेसिक | 0.04 | 0.01 | 0.03 | 0.10 | 0.01 |
| | डाल्युटेड | 0.04 | 0.01 | 0.03 | 0.10 | 0.01 |

**समेकित लेखापरीक्षित IND AS वित्तीय परिणाम नोट्स:**

1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.advikgroup.com) पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 28 मई, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है। सांविधिक लेखा परीक्षकों ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के परिणामों का ऑडिट किया है।

कृते एडविक कैपिटल लिमिटेड के लिए
वीरेंद्र कुमार अग्रवाल
प्रबंध संचालक
DIN : 00531255

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28/05/2022

The Indian EXPRESS
Classifieds
FROM ANYTHING TO EVERYTHING.

# CLASSIFIED AD DEPOT (CAD)

Book classified ads at your nearest Express Group's authorised Classified Ad Depots

## EAST

**PATPARGANJ :** CHAVI ADVERTISERS, Ph.: 9899701024, 22090987, 22235837, **PREET VIHAR :** AD BRIDGE COMMUNICATION, Ph.: 9810029747, 42421234, 22017210, **SHAKARPUR :** PARICHAY ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350309890, 22519890, 22549890

## WEST

**JANAKPURI :** TRIMURTI ADVERTISERS, Ph.: 9810234206, 25530307, **KAROL BAGH (REGHARPURA) :** K R ADVERTISERS, Ph.: 9810316618, 9310316618, 41547697, **KARAMPURA :** GMJ ADVERTISING & MARKETING PVT. LTD., Ph.: 9310333777, 9211333777, 9810883377, **NEW MOTI NAGAR :** MITTAL ADVERTISING, Ph.: 25178183, 9810538183, 9555945923, **MOTI NAGAR :** UMA ADVERTISERS, Ph.: 9312272149, 8800276797, **RAMESH NAGAR :** POSITIVE ADS, Ph.: 9891195327, 9310006777, 65418908, **TILAK NAGAR :** SHIVA ADVERTISERS, Ph.: 9891461543, 25980670, 20518836, **VIKAS PURI :** AAKAR ADVT. MEDIA Ph.: 9810401352, 9015907873, 9268796133

## CENTRAL

**CHANDNI CHOWK :** RAMNIWAS ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810145272, 23912577, 23928577, **CONNAUGHT PLACE :** HARI OM ADVERTISING COMPANY Ph.: 9811555181, 43751196

## NORTH

**TIS HAZARI COURT :** SAI ADVERTISING, Ph.: 9811117748 **KINGWAY CAMP :** SHAGUN ADVERTISING, Ph.: 9818505505, 27458589, **PATEL CHEST (OPP. MORRIS NAGAR POLICE STATION) :** MAHAN ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350304609, 7042590693, **PITAMPURA (PRASHANT VIHAR) :** PAAVAN ADVERTISER Ph.: 9311564460, 9311288839, 47057929

## SOUTH

**CHATTARPUR :** A & M MEDIA ADVERTISING, Ph.: 9811602901, 65181100, 26301008, **KALKAJI :** ADWIN ADVERTISING, Ph.: 9811111825, 41605556, 26462690, **MALVIYA NAGAR :** POOJA ADVERTISING & MARKETING SERVICE, Ph.: 9891081700, 24331091, 46568866, **YUSUF SARAI :** TANEJA ADVERTISEMENT & MARKETING Ph.: 9810843218, 26561814, 26510090

## NCR

**FARIDABAD (NEELAM FLYOVER) :** AID TIME (INDIA) ADVERTISING, Ph.: 9811195834, 0129-2412798, 2434654, **FARIDABAD (NIT, KALYAN SINGH CHOWK) :** PULSE ADVERTISING, Ph.: 9818078183, 9811502088, 0129-4166498, **FARIDABAD :** SURAJ ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810680954, 9953526681, **GURGAON :** SAMBODHI MEDIA PVT. LTD., Ph.: 0124-4065447, 9711277174, 9910633399, **GURGAON :** AD MEDIA ADVERTISING & PR, Ph.: 9873804580, **NOIDA (SEC. 29) :** RDX ADVERTISING, Ph.: 9899268321, 0120-4315917, **NOIDA (SEC. 65) :** SRI SAI MEDIA, Ph.: 0120-4216117, **NOIDA (SEC. 58) :** JAI LAKSHMI ADVERTISERS, Ph.: 9873807445, 9911911719 **GHAZIABAD (HAPUR ROAD TIRAHA, NR GURUDWARA) :** TIRUPATI BALAJI ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9818373200, 8130640000, 0120-4561000

## EDUCATION (IAS & PMT ACADEMIES)

FRIENDS PUBLICITY SERVICE 23287653, 23276901, 9212008155

*For CAD enquiries please contact :*
**ROHIT JOSHI** 9818505947, **ABHINAV GUPTA** 9910035901
For booking classified ads, please contact 011-23702148, 0120-6651215, E-mail : delhi.classifieds@expressindia.com

# SHANKAR LAL RAMPAL DYE-CHEM LIMITED

## EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st March, 2022

(Rs. In lakhs except EPS)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Financial Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| 1. | Total Revenue from Operations | 9201.33 | 10912.98 | 4397.16 | 30328.96 | 17757.22 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 818.34 | 1684.23 | 390.16 | 3580.25 | 1076.77 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 818.34 | 1684.23 | 390.16 | 3580.25 | 1076.77 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 675.65 | 1277.08 | 269.40 | 2706.44 | 763.27 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising ) Profit / (Loss for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 675.65 | 1277.08 | 269.40 | 2706.44 | 763.27 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 2132.23 | 2132.23 | 1066.11 | 2132.23 | 1066.11 |
| 7. | Other Equity as shown in the Balance Sheet of previous year except revaluation reserve. | | | | 5545.11 | 3915.45 |
| 8. | Earnings Per Share (not annualized) (of Rs. 10 /- each) Before Extraordinary items & After Extraordinary items | | | | | |
| | (Basic& Diluted) | 3.17 | 5.99 | 2.53 | 12.69 | 7.16 |
| | (Basic & Diluted Adjusted) | 3.17 | 5.99 | 1.26 | 12.69 | 3.58 |

Notes:
1. The above Standalone financial results for the quarter and year ended 31srtMarch,2022, were reviewed by the Audit Committee and thereafter were approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on 28th May, 2022.
2. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standard) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and other Indian Generally Accepted Accounting Practices and Policies to the extent applicable.
3. The above is an extract of the detailed format of Quarterly cum Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results is available on the websites of Stock Exchange at www.bseindia.com and the Company's website at www.srdyechem.com.
4. The previous period figures have been Re-grouped / Re-classified/Restated, wherever necessary, to confirm with the current period presentation.

Place:Bhilwara(Rajasthan)
Date: 28/05/2022

For and By Order of Board
sd/-
Rampal Inani
Chairman &Managing Director
DIN-00480021

*****

Regd. Office Address: S.G. 2730, SUWANA, BHILWARA-311011 (RAJ)
CIN: - L24114RJ2005PLC021340, Phone: +91-1482-220062, Email: info@srdyechem.com, Website: www.srdyechem.com

# "IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contants. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals adversing in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

# कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी ( म.प्र. )

क्र./1328/लोनिवि/निर्माण/2022-23 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक :- 27/05/2022

नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था, के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें Lumpsum दर पर दी जावें। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि ( रू. लाख में ) | अमानत राशि ( रूपये में ) | समय अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रुपये में ) | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Selection of Agency for In-Situ Treatment of Sewage through Bioremediation or any other remediation measures for treatment of Nallas at different wards having 4.0 MLD discharge | 114.66 | 57,330 | 36 माह | 12,500 | द्वितीय |

**निविदा का शेड्यूड निम्नानुसार है :-**
(1) निविदा प्रपत्र क्रय व विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 30/05/2022 को सायंकाल 5:30 से।
(2) प्री-बिड मीटिंग की तिथि 06/06/2022 को दोपहर 02:00 बजे से नोडल अधिकारी के कक्ष में।
(3) निविदा प्रपत्र क्रय व विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14/06/2022 को सायंकाल 5:30 तक।
(4) बिड खोलने की तिथि 16/06/2022 को दोपहर 01:00 बजे से।

**नोट :-**
(1) निविदा सम्बन्धी समस्त संशोधन सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं।
(2) मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम ( वित्त एवं लेखा) नियम, 2018 एवं उक्त के सम्बन्ध में संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश प्रभावशील होंगे।

Sd/-
**कार्यपालन यंत्री**
**नगरपालिक निगम, कटनी**

# Honda India Power Products Limited

HONDA

(formerly known as Honda Siel Power Products Limited)
CIN: L40103DL2004PLC203950
Regd. Office : 409, DLF Tower B, Jasola Commercial Complex, New Delhi -110025
Website : www. hondaindiapower.com E mail : ho.legal@hspp.com

**EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED/AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31 MARCH 2022**

(INR in lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | Quarter ended 31 Mar 2022 | Quarter ended 31 Dec 2021 | Quarter ended 31 Mar 2021 | Year ended 31 Mar 2022 | Year ended 31 Mar 2021 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 32,673 | 34,010 | 30,001 | 117,313 | 95,347 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional items) | 2,125 | 3,111 | 2,018 | 10,006 | 6,614 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional items) | 2,125 | 3,111 | 2,018 | 10,006 | 6,614 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional items) | 1,558 | 2,324 | 1,529 | 7,453 | 4,867 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,562 | 2,322 | 1,569 | 7,451 | 4,858 |
| 6 | Equity Share Capital | 1,014 | 1,014 | 1,014 | 1,014 | 1,014 |
| 7 | Reserves | - | - | - | 65,974 | 59,537 |
| 8 | Earnings per equity share (of Rs 10 per share) (not annualised): | | | | | |
| | (a) Basic (Rs.) | 15.36 | 22.91 | 15.07 | 73.48 | 47.99 |
| | (b) Diluted (Rs.) | 15.36 | 22.91 | 15.07 | 73.48 | 47.99 |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed format of unaudited/ audited Financial Results for the Quarter and year ended 31st March 2022, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter and annual financial results are available on the Stock Exchange websites (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and on Company's website (**www.hondaindiapower.com**).

**For and on behalf of the Board of Directors of Honda India Power Products Limited**

Sd/-
Takahiro Ueda
CMD and President & CEO
DIN : 08685990

Place : New Delhi
Date : May 28, 2022

# PG Electroplast Limited

(CIN L32109DL2003PLC119416)
Regd. Office: DTJ209, DLF Tower B, Jasola, New Delhi-110025; Tel-Fax: 011-41421439; Email: info@pgel.in; Website: www.pgel.in

**EXTRACTS OF AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022** (Rs. In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended March 31, 2022 | Quarter ended March 31, 2021 | Year ended March 31, 2022 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 41,758.49 | 32,956.88 | 102,193.77 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional items and/or Extraordinary items) | 3,021.34 | 1,571.93 | 4,347.67 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items) | 2,958.52 | 1,443.08 | 4,356.35 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items) | 2,139.17 | 1,043.92 | 3,296.78 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2,222.49 | 1,036.25 | 3,360.80 |
| 6 | Equity Share Capital of Face Value Rs.10/- each | 2122.49 | 1969.39 | 2122.49 |
| 7 | Reserves (excluding revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet as on 31st March 2021 | | | 28,679.71 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) Basic: | 10.22 | 5.35 | 15.93 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) Diluted: | 9.51 | 5.35 | 15.00 |

**EXTRACTS OF AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022** (Rs. In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended March 31, 2022 | Year ended March 31, 2022 | Quarter ended March 31, 2021 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 49,983.82 | 109,771.79 | 32,956.88 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional items and/or Extraordinary items) | 3,662.67 | 4,811.15 | 1,571.70 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items) | 3,685.89 | 4,904.21 | 1,442.85 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items) | 2,763.44 | 3,741.55 | 1,043.69 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2,835.48 | 3,788.65 | 1,036.02 |
| 6 | Equity Share Capital of Face Value Rs.10/- each | 2122.49 | 2122.49 | 1969.39 |
| 7 | Reserves (excluding revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet as on 31st March 2020 | | | 29,107.31 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) Basic | 13.27 | 18.08 | 5.34 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) Diluted | 12.39 | 17.03 | 5.34 |

**Notes:-**
The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange(s) under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) at www.bseindia.com & www.nseindia.com and the website of the Company at www.pgel.in.

For PG Electroplast Limited
Sd/-
(Vikas Gupta)
Director

Place: Greater Noida, U.P.
Dated: 28th May, 2022

# ADVIK CAPITAL LIMITED

Advik Capital Limited
CIN: L65100DL1985PLC022505
Registered office: Plot No. 84, Khasra No, 143/84, Ground Floor, Extended Lal Dora, Kanjhawla, Delhi-110081, Ph No: 011-25952595,
Website: www.advikgroup.com, Email: advikcapital@gmail.com, cs@advikgroup.com

**STATEMENT OF AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED MARCH 31, 2022**

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | Particulars | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended | | | Year Ended | |
| | | 31/Mar/22 | 31/Mar/21 | 31/Dec/21 | 31/Mar/22 | 31/Mar/21 |
| | | Audited | Audited | Unaudited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income | 3,412.96 | 254.72 | 1,038.59 | 4,657.72 | 627.97 |
| 2 | Total Expenses | 3,389.00 | 243.42 | 1,022.66 | 4,594.43 | 618.18 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) Before Tax | 23.96 | 11.30 | 15.93 | 63.29 | 9.79 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) After Tax | 18.97 | 10.00 | 10.86 | 47.38 | 7.20 |
| 5 | Total comprehensive income for the period | 18.97 | 10.00 | 10.86 | 47.38 | 7.20 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value Rs.1 each) | 458.74 | 458.74 | 458.74 | 458.74 | 458.74 |
| 7 | Earning per Equity Share of Re 1/- each | | | | | |
| | Basic | 0.04 | 0.01 | 0.03 | 0.10 | 0.01 |
| | Diluted | 0.04 | 0.01 | 0.03 | 0.10 | 0.01 |

**Notes to Audited Consolidated IND AS Financial Results:**
1. The above is an extract of the detailed format of financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The Full format of the financial results are available on the Stock Exchange websites (**www.bseindia.com**) and on company's website (**www.advikgroup.com**).
2. The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held in May 28, 2022. The Statutory auditors have carried out audit of the results for the quarter and financial year ended March 31, 2022.

**for Advik Capital Limited**
**Virender Kumar Agarwal**
**Managing Director**
**DIN:00531255**

**Place: New Delhi**
**Date: 28/05/2022**

# VIKAS LIFECARE LIMITED

CIN: L25111DL1995PLC073719
Registered office: G-1 34/1, East Punjabi Bagh New Delhi West Delhi DL 110026
Website: www.vikaslifecarelimited.com | Email: cs@vikaslifecarelimited.com

**AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED MARCH 31, 2022**

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | Particulars | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended | | | Year Ended | |
| | | 31/Mar/22 | 31/Mar/21 | 31/Dec/21 | 31/Mar/22 | 31/Mar/21 |
| | | Audited | Audited | Unaudited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income | 13,337.95 | 3,340.59 | 11,411.11 | 34,459.08 | 7,600.98 |
| 2 | Total Expenses | 10,171.04 | 2,312.76 | 11,023.38 | 30,553.57 | 7,326.07 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) Before Tax | 3,176.27 | -212.59 | 387.73 | 3,908.55 | -149.98 |
| 4 | Total Tax Expenses | 853.04 | 183.35 | 99.62 | 1,013.87 | 200.19 |
| 5 | Net Profit/ (Loss) After Tax | 2,323.23 | -395.94 | 288.11 | 2,894.68 | -350.17 |
| 6 | Total comprehensive income for the period | 676.53 | 3,563.65 | 151.14 | 1,756.52 | 1,664.86 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital (Face Value Re. 1 each) | 10,977.83 | 6,634.95 | 9,996.67 | 10,977.83 | 6,634.95 |
| 8 | Earning per Equity Share of Re 2/- each | | | | | |
| | Basic | 0.25 | -0.06 | 0.03 | 0.31 | -0.053 |
| | Diluted | 0.25 | -0.06 | 0.03 | 0.31 | -0.053 |

Notes to Audited Consolidated IND AS Financial Results:
1. The above is an extract of the detailed format of financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The Full format of the financial results are available on the Stock Exchange websites (**www.bseindia.com**) and on company's website (**www.vikaslifecarelimited.com**).
2. The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held in May 28, 2022. The Statutory auditors have carried out audit of the results for the quarter and financial year ended March 31, 2022.

**for VIKAS LIFECARE LIMITED**
**SUNDEEP KUMAR DHAWAN**
**Managing Director**
**DIN No: 09508137**

**Place: New Delhi**
**Date: May 28, 2022**

**For All Advertisement Booking**
**Call : 0120-6651214**